भारतीय रेडक्रास सोसाइटी द्वारा पेट्रोल और डीजल पर किया गया खर्च तथा टेलीफोन बिलों का भुगतान

5239. **श्री निहाल सिंह :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान वर्षवार भारतीय रेड-क्रास सोसायटी द्वारा पेट्रोल और डीजल पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है ;

(ख) उनकी खपत घटाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान, वर्षवार उक्त सोसायटी ने टेलीफोन बिलों सम्बन्धी कितनी-कितनी धनराशि का भुगतान किया है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री : कुमारी कुमुदबेन जोशी : (क) पिछले तीन वर्षों में भारतीय रेड-क्रास सोसायटी द्वारा पैट्रोल तथा डीजल पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा इस प्रकार है :—

1979— 1,35,986.43 रुपये

1980— 1,51,922.67 रुपये

1981— 2, 06,741.00 रुपये

(ख) पैट्रोल और डीजल की खपत में वृद्धि होने का मुख्य कारण यह है कि पैट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। इस सोसाइटी ने अपने काम-काज का हर्जा किये बिना यथासंभव अधिक से अधिक बचत करने का प्रयास किया है ।

(ग) भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने पिछले तीन वर्षों में भारतीय टेलीफोन बिलों की कितनी राशि चुकाई है, वह इस प्रकार है :—

1979— 1,30,500.39 रुपये

1980— 1,16,482.55 रुपये

1981— 1,39,0[illegible]1.12 रुपये

उन विधवाओं को नौकरी में प्राथमिकता जो मैट्रिक पास नहीं हैं

5240. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे के मृत कर्मचारियों की उन विधवाओं को रेलवे विभाग में आया, प्रतीक्षालय सेविका, आदि पदों के लिए नियुक्ति में प्राथमिकता दी जाती है, जो मैट्रिक पास नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो पश्चिम रेलवे के दानापुर डिवीजन में ऐसे आवेदकों की संख्या कितनी है;

(ग) उन्हें रेल सेवा में अब तक नौकरी न दिये जाने के क्या कारण हैं, और

(घ) सरकार ने उन्हें नौकरी में प्राथमिकता देने के लिए क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप-मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) मृत रेलवे कर्मचारियों की अशिक्षित विधवाओं और अन्य आश्रितों की अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त करने के लिए चतुर्थ श्रेणी की कुछ कोटियां जैसे आया, प्रतीक्षाकक्ष बेयरे आदि निर्धारित की गयी है ।

(ख) 46

(ग) उनमें से 4 की नियुक्ति की जा चुकी है ।

(घ) चतुर्थ श्रेणी में उपयुक्त रिक्तियां उपलब्ध होने पर, शेष व्यक्तियों को नियुक्त किया जायेगा ।